

# दलहन-तिलहन में आत्मनिर्भरता का सपना अधूरा

## किसानों को दलहन-तिलहन के उत्पादन में मिलनी है सब्सिडी

नवभारत न्यूज

**सतना, 7 जुलाई. केंद्र सरकार ने देश को दालों और खाद्य तेलों के मामले में आत्मनिर्भर बनाने का सपना जमीनी हकीकत से कोसों दूर नजर आ रहा है। करोड़ों रुपये के भारी-भरकम बजट के साथ राष्ट्रीय स्तर पर संचालित महत्वाकांक्षी योजनाएं जिले में आकर दम तोड़ रही हैं।**

भारत सरकार द्वारा दलहन और तिलहन का घरेलू उत्पादन बढ़ाने तथा विदेशी आयात पर निर्भरता को पूरी तरह खत्म करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन , मिशन फॉर आत्मनिर्भरता इन पल्सेस और राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन- तिलहन जैसी बड़ी योजनाएं चलाई जा रही हैं। सरकार का लक्ष्य है कि पारंपरिक खेती से हटकर किसान नकदी और दलहन-तिलहन फसलों की ओर रुख करें, ताकि देश की खाद्य सुरक्षा मजबूत हो और किसानों की आय दोगुनी हो सके।इन महत्वाकांक्षी योजनाओं के तहत किसानों को सीधे तौर पर लाभ पहुंचाने के लिए कई बेहतरीन प्रावधान किए गए हैं। इसके अंतर्गत किसानों को कम लागत में अधिक पैदावार देने वाले उन्नत किस्म के बीज और मिनीकिट उपलब्ध कराए जाने हैं, ताकि फसलों की गुणवत्ता बेहतर हो सके। साथ ही, किसानों को आधुनिक खेती के तौर-तरीके सिखाने के लिए तकनीकी प्रशिक्षण और खेतों पर लाइव प्रदर्शन डेमोस्ट्रेशन प्लॉट देने की व्यवस्था है। इसके अलावा, खेती को आसान और आधुनिक बनाने के लिए बुआई से लेकर कटाई तक के उन्नत कृषि यंत्रों पर भारी अनुदान सब्सिडी का भी प्रावधान शामिल है, जिससे किसानों की लागत कम हो और मुनाफा बढ़ सके।केंद्र सरकार की इतनी महत्वाकांक्षी और करोड़ों के बजट वाली योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रचार-प्रसार ना के बराबर होने से इनका मुख्य उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में जानकारी और जागरूकता के अभाव के कारण अधिकांश किसान आज भी इन योजनाओं के लाभ से अनजान हैं। गांवों में सुचारू रूप से जागरूकता गतिविधियां न हो पाने और किसानों तक समय पर जानकारी न पहुंच पाने की वजह से पात्र लोग आवेदन नहीं कर पा रहे हैं।



### प्रमाणित बीज खरीदने पर ही मिलेगी सब्सिडी : आशीष

किसान कल्याण तथा कृषि विभाग के उपसंचालक आशीष पाण्डेय ने बताया कि अनुदान का लाभ लेने के लिए एक तय प्रक्रिया है।इसके तहत फसल की बोआई करने के बाद किसानों को अनुदान के लिए पहले स्थानीय मैदानी कार्यकर्ता के पास आवेदन करना होता है।इसके बाद यह प्रक्रिया ब्लॉक स्तर से होते हुए किसान कल्याण विभाग तक पहुंचती है।उन्होंने विशेष रूप से स्पष्ट किया कि योजना के तहत केवल सहकारी समितियों से प्रमाणित बीज खरीदने पर ही किसानों को सब्सिडी का लाभ मिल सकेगा।

# बाघ के शिकार के 5 आरोपी गिरफ्तार

## पूछताछ की तस्दीक होने पर हुई कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सतना,7 जुलाई. जिले के मझगवां वन परिक्षेत्र अंतर्गत बाघ के शिकार का मामला उजागर होने के 5 दिन बाद घटना में शामिल रहे 5 आरोपियों की गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया.**

वन परिक्षेत्र मझगवां के अंतर्गत कररिया बीट के चौराहा हार में बाघ के शिकार के मामले में वन विभाग के अधिकारियों द्वारा 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रेम सिंह, जयनारायण सिंह, बब्बू सिंह, सत्यम सिंह और सोहन सिंह के तौर पर बताई गई. वन परिक्षेत्राधिकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपियों को चित्रकूट न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया. जहां से न्यायिक अभिरक्षा में उन्हें जेल भेज दिया गया. पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि विद्युत करेंट के जरिए उन्होंने बाघ का शिकार किया था. बाघ की मौत हो जाने पर उसके पंजे, दांत, मूंछ के बाल जैसे अंग निकाल लिए थे. जिसके बाद गड्ढा खोदकर बाघ के शव को दफना दिया गया था. गौरतलब है कि यह घटना तकरीबन 2 महीने हुई थी. लेकिन 5 दिन पहले यह तब सामने आई जब मुखबिर के जरिए वन परिक्षेत्राधिकारी को सटीक सूचना दी गई. यहां तक की जानकारी मिलने के बाद बाघ का शव बरामद करने में 2 दिन लग गए थे.



# आज शहर में ढाई घंटे गुल रहेगी बिजली

## मेन्टीनेंस के लिए 30 से अधिक इलाके होंगे प्रभावित

नवभारत न्यूज

**सतना, 7 जुलाई. शहर के पतेरी स्थित 132 केवी उपकेंद्र में अति आवश्यक सुधार कार्य के चलते बुधवार 8 जुलाई को सुबह विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी.**

ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा किए जा रहे इस मेंटेनेंस कार्य के कारण सुबह 7.30 बजे से 10.00 बजे तक पतेरी उपकेंद्र से निकलने वाले सभी 33 केवी फीडर पूरी तरह बंद रहेंगे.बिजली कंपनी के अधिकारियों के अनुसार, ढाई घंटे के शटडाउन के कारण शहर के एक बड़े हिस्से में बिजली सप्लाई प्रभावित होगी.उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे सुबह के जरूरी काम समय से पहले निपटा लें.

### ये क्षेत्र रहेंगे प्रभावित

सुधार कार्य के दौरान पतेरी, विराटनगर, उमरी, मंदाकिनी विहार, बगहा, सिविल लाइन, जिला न्यायालय परिसर, मास्टर प्लान, पौराणिक टोला, विंध्य क्लब, एसपी ऑफिस, राजेंद्र नगर, जवाहर नगर, खूंथी, प्रेम नगर, धवारी, नजीराबाद, प्रेम विहार, वरदाडीह, मुख्तियार गंज, शुक्ला, एमपी नगर, भरहुत नगर, सिंधी कैंप, बांधव गढ़, निशांत विहार, फ्रेंड्स कॉलोनी, बस स्टैंड, रीवा रोड, बम्हनगवा, घूरडॉन्ग, संतोषी विहार और औद्योगिक क्षेत्र सहित आस-पास के इलाकों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी.

# जवाहर नगर स्टेडियम के पीछे घर पर विशालकाय पेड़ गिरा

## बड़ा हादसा टला, कोई जनहानि नहीं

नवभारत न्यूज

**सतना, 7 जुलाई. शहर के जवाहर नगर क्षेत्र में एक बड़ा हादसा टल गया। जहां सोमवार सुबह एक विशालकाय नीम का पेड़ अचानक एक रिहायशी मकान पर गिर गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ और एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मामला जवाहर नगर स्टेडियम के ठीक पीछे स्थित एक आवासीय इलाके का है। रोजाना की तरह परिवार के लोग घर के भीतर मौजूद थे, तभी अचानक एक जोरदार आवाज के साथ बरसों पुराना भारी-भरकम नीम का पेड़ जड़ से उखड़कर मकान की छत और बाउंड्री वॉल पर आ गिरा। आवाज इतनी तेज थी कि आस-पड़ोस के लोग भी सहम गए और तुरंत घरों से बाहर निकल आए। प्रत्यक्षदर्शियों और गृहस्वामी मनीष जेम्स के मुताबिक, पेड़ जिस वक्त गिरा, उस समय परिवार के सदस्य घर के दूसरे हिस्से में थे।



### ननि की टीम ने हटवाया

पेड़ का मुख्य हिस्सा छत के कोने और खाली जगह पर गिरा, जिससे घर की दीवार और छत को आंशिक नुकसान जरूर पहुंचा है, लेकिन घर के अंदर मौजूद सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित बच गए। स्थानीय नागरिकों ने इस घटना की सूचना नगर निगम और स्थानीय प्रशासन को दी। जिसके बाद नगर निगम की टीम मौके पर पहुंचकर विशालकाय पेड़ को हटाया।

# ननि की जन सुनवाई में पहुंचीं 19 शिकायतें

नवभारत न्यूज

**सतना, 7 जुलाई. राज्य शासन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम सतना में मंगलवार को जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर योगेश कुमार ताम्रकार महापौर, सत्यम मिश्रा उपायुक्त ( वित्त ) और अरविन्द प्रताप सिंह स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।**

जन-सुनवाई में 19 आवेदन प्राप्त हुए। विभागवार जानकारी के अनुसार अतिक्रमण से संबंधित 03 आवेदन, साफ-सफाई शाखा से संबंधित 02 आवेदन, विकास कार्य से संबंधित 08 आवेदन, फायर शाखा से संबंधित 02 आवेदन एवं पेयजल शाखा से संबंधित 04 आवेदन प्राप्त हुए। प्रस्तुत आवेदनों पर कमियों एवं आवेदनों की अनातन स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। विकास कार्यों के लिए आवेदनों का स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही के विधिवत प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए।

महापौर नगर द्वारा शहरवासियों को अवगत कराया गया है कि यह जनसुनवाई अगले मंगलवार को पुनः आहुत की जाएगी। साथ ही साथ जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की प्रकरणवार समीक्षा भी की जा रही है। ताकि शहरवासियों की जन सुनवाई में आने का उद्देश्य सफल हो सके।



# बारिश के बीच मंदाकिनी नदी के तट पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी

## सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

नवभारत न्यूज

**सतना, 7 जुलाई. चित्रकूट क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच प्रशासनिक अमला पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आ रहा है.**

इसी कड़ी में मझगवां एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर ने मंगलवार को चित्रकूट का दौरा किया. उन्होंने मंदाकिनी नदी के प्रमुख भरतघाट का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं जलस्तर की स्थिति का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने सुरक्षा व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए उन्होंने स्पष्ट किया कि बारिश के मौसम में श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा. नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए उन्होंने घाटों पर विशेष सतर्कता बरतने की बात कही अधिकारियों ने नगर परिषद की टीम को घाटों पर साफ-सफाई बनाए रखने और आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए हर समय मुस्तैद रहने के निर्देश दिए हैं. इस मौके पर मुख्य रूप से चित्रकूट तहसीलदार कमलेश सिंह भदौरिया और नगर परिषद के प्रभात सिंह गहरवार भी मौजूद रहे.



# पर्यटन क्विज-2026 के लिए विद्यार्थियों का पंजीयन शुरू

नवभारत न्यूज

**सतना, 7 जुलाई. मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रदेश के विद्यार्थियों में पर्यटन, इतिहास, संस्कृति एवं प्राकृतिक धरोहरों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज-2026 का आयोजन किया जा रहा है।**

इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी, सतना ने जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय हाई स्कूल तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों को विद्यार्थियों का पंजीयन सुनिश्चित कराने के निर्देश जारी किए हैं।

जारी निर्देशों के अनुसार प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों का ऑनलाइन पंजीयन 1 जुलाई से से प्रारंभ है और 25 जुलाई 2026 तक किया जाएगा। प्रतियोगिता का जिलास्तरीय आयोजन 7 अगस्त 2026 को प्रस्तावित है जो हर जिले मुख्यालय में पूरे म प्र में एक साथ किया जाएगा। विद्यालयों से निर्धारित समय-सीमा में अधिक से अधिक विद्यार्थियों का पंजीयन कराने का जिला शिक्षाधिकारी सतना ने निर्देश दिया है। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के अनुसार इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रदेश के समृद्ध इतिहास, सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन स्थलों, प्राकृतिक संपदा एवं कला-संस्कृति से परिचित कराना है। पर्यटन क्विज का आयोजन वर्ष 2016 से निरंतर किया जा रहा है और यह विद्यार्थियों के बीच लोकप्रिय शैक्षणिक गतिविधि के रूप में स्थापित हो चुका है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी विद्यालय प्रमुखों को निर्देश देते हुए कहा है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण कराकर अधिकाधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि जिले के विद्यार्थी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। ज्ञात हो कि 7जुलाई तक सतना में महज आठ स्कूलों और मैहर जिले में महज चार स्कूलों ने अभी तक रजिस्ट्रेशन किया है।

# दूसरे दिन भी जारी रहा आयुष्मान कार्ड और आधार कार्ड का शिविर

**सतना 7 जुलाई.** कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में जिले के शहरी क्षेत्र में संचालित आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण एवं आधार का शिविर दूसरे दिन मंगलवार को भी मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) में जारी रहा। शिविरों में बड़ी संख्या में नागरिकों ने नए आयुष्मान भारत कार्ड बनवाए, वहीं आधार कार्ड में नाम, जन्मतिथि, पता, मोबाइल नंबर एवं बायोमेट्रिक सहित अन्य आवश्यक त्रुटियों का भी सुधार कराया। विशेष रूप से बीओसीडब्ल्यू पंजीकृत श्रमिक, डजगुआ श्रेणी के पात्र हितग्राही एवं 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों ने शिविरों का लाभ उठाया।



# राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने किए मां शारदा देवी के दर्शन

नवभारत न्यूज

**मैहर 7 जुलाई. मध्यप्रदेश शासन की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमंतू और अर्ध घुमंतु कल्याण राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) श्रीमती कृष्णा गौर ने मंगलवार को मैहर जिले के प्रवास के दौरान प्रसिद्ध शक्तिपीठ में मां शारदा देवी के दर्शन किये।**

इस दौरान राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने प्रदेशवासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 125 आवेदकों की समस्याएं

**सतना.** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सतना जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे 125 आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए आवेदकों ने भूमि विवाद, राजस्व रिकॉर्ड सुधार, सिंचाई, बिजली, पानी, सड़क निर्माण, पेंशन, छात्रवृत्ति, आवास योजना तथा अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विकास सिंह, डिप्टी कलेक्टर संदीप परस्ते, एसडीएम एलआर जांगडे द्वारा भी आवेदकों की समस्याएं सुनी गई।

### सतना की रुचि ने संभाला भोपाल ग्रामीण आईजी का पदभार

**सतना.** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रुचि वर्धन मिश्रा ने भोपाल ग्रामीण पुलिस महानिरीक्षक आईजी के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने, अपराधों पर सख्त नियंत्रण और पुलिस व्यवस्था को जनता के प्रति अधिक संवेदनशील एवं जवाबदेह बनाने की बात कही। आईपीएस रुचि मिश्रा एकेएस के प्रोवीसी डॉ. हर्षवर्धन श्रीवास्तव की पुत्री हैं .





### लायंस लंगर सेवा में खिचड़ी प्रसाद वितरित

सतना। लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स सतना द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को अनवरत जारी लायंस लंगर सेवा में मंगलवार को डाक्टर विनोद कुमार सक्सेना (सागर) की पुण्यतिथि पर लायन संतोष कुमार सक्सेना परिवार की ओर से श्री हनुमान जी मंदिर सी एम एच ओ आफिस के सामने धवारी सतना में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया लगभग 600 भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया । कार्यक्रम में पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन आलोक त्रिपाठी ज़ोन चेयरपर्सन लायन धर्मेंद्र सेन, लायन कृष्ण कुमार द्विवेदी ,लायन कैलाश कुमार,अशोक त्रिपाठी,कमल कांत पाण्डेय, राजेश श्रीवास्तव, कमलकांत पाण्डेय, उमेश शर्मा, अजय श्रीवास्तव, मनोज कुमार पटेल, सुकीर्त त्रिपाठी,सूर्य कमल त्रिपाठी, विनय कमल त्रिपाठी , मंदिर के पुजारी पं0जगन्नाथ महराज जी एवं साथी उपस्थित रहे ।




# सार्थक ऐप से ऑनलाइन हाजिरी का कृषि विस्तार अधिकारियों ने किया विरोध

नवभारत न्यूज

**सतना, 7 जुलाई. कृषि विस्तार अधिकारियों ने सार्थक ऐप के माध्यम से अनिवार्य ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।**

जिले के कृषि विस्तार अधिकारी सार्थक ऐप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने की व्यवस्था के विरोध में एकजुट हो गए हैं। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस व्यवस्था को समाप्त करने की मांग की है।

ज्ञापन में अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश सरकार वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है और कृषि विस्तार अधिकारी किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने वाली विभाग की अंतिम कड़ी हैं। इसके बावजूद उन्हें सार्थक ऐप के जरिए तय समय पर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जिससे मैदानी कार्य प्रभावित हो रहा है।

# एकेएस में ग्लोबल मार्केट फोर्सेज चैप्टर का शुभारंभ

## वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और स्वदेशी दृष्टिकोण पर मंथन

नवभारत न्यूज

**सतना, 7 जुलाई. एकेएस विश्वविद्यालय, सतना के विवेकानंद सभागार में मंगलवार को ग्लोबल मार्केट फोर्सेज ( वैश्विक बाजारवादी शक्तियां ) विषय पर आयोजित वैचारिक संगोष्ठी के साथ ग्लोबल मार्केट फोर्सेज के सतना चैप्टर का विधिवत शुभारंभ हुआ।**

कार्यक्रम में वैश्विक आर्थिक व्यवस्था, बाजारवाद के बढ़ते प्रभाव, स्वदेशी चिंतन तथा आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा पर गहन मंथन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, शिक्षाविद, प्रबुद्धजन, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का विषय प्रवेश एवं परिचय ग्लोबल मार्केट फोर्सेज के प्रांत संयोजक आलोक सिंह ने कराया। उन्होंने संगठन की कार्यप्रणाली, उद्देश्यों तथा वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में ऐसे वैचारिक विमर्शों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता कैलाश चंद्र ने वैश्विक बाजारवादी शक्तियों के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक प्रभावों का विश्लेषण करते हुए कहा कि वैश्वीकरण के वर्तमान दौर में भारत के सामने अनेक चुनौतियों के साथ नए अवसर भी उपस्थित हैं। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे राष्ट्रहित को केंद्र में रखते हुए आर्थिक नीतियों, वैश्विक व्यापार व्यवस्था और बदलते बाजार तंत्र का गंभीर अध्ययन करें, जिससे वे भविष्य के उत्तरदायी नीति-निर्माता, उद्यमी और जागरूक नागरिक बन सकें। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह उत्तम बनर्जी ने भारतीय चिंतन, स्वदेशी दृष्टिकोण और आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा के इस युग में भारत अपनी सांस्कृतिक चेतना, आत्मविश्वास और आर्थिक सामर्थ्य के आधार पर विश्व समुदाय में सशक्त भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास का भारतीय मॉडल आर्थिक प्रगति के साथ सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व को भी समान महत्व देता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति (विकास) डॉ. हर्षवर्धन श्रीवास्तव तथा कुलसचिव डॉ. आर. एस. त्रिपाठी, डीन एग्रीकल्चर डॉ.ए.के.भौमिक मंचासीन रहे। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन राकेश तिवारी ने किया, जबकि विश्वविद्यालय के फैकल्टी डॉ. प्रदीप चौरसिया ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

